# मध्यप्रदेश राज्य दंत परिषद
**MADHYA PRADESH STATE DENTAL COUNCIL**
(STATUTORY BODY GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH)
OFFICE at: 101, First floor 'Royal House ' 11/3'Ushaganj' INDORE-452001MP.)
0731-27001944, 0731- 4108960 Website: www.mpstatedentalcouncil.com,
Email- registrarmpsdc@Gmail.com

क्र. 13(3)MPSDC/25/ 1364 इन्दौर दिनांक 19 / 11 / 2025

प्रति,

समस्त दंत चिकित्सक
म.प्र. राज्य दंत परिषद् इन्दौर

विषयः– स्पेशल ओलम्पिक भारत के ऐथलिट्स एवं बौद्धिक विकलांगता व्यक्तियों की डेंटल केयर बाबद्।
सन्दर्भः– भारतीय दंत परिषद् पत्र क्रमांक DE/130/2015/18315 दिनांक 30 मार्च 2016 एवं डॉ. रीना कुमार अकादमिक डायरेक्टर IASD एवं रीजनल क्लिनिकल सलाहकार स्पेशल ओलम्पिक ऐशिया पेसिफीक का पत्र दिनांक 01 / 11 / 25।

कृपया संलग्न भारतीय दंत परिषद का पत्र क्रमांक 18351 दिनांक 30 मार्च 2016 का अवलोकन करने का कष्ट करें तदनुसार स्पेशल ओलम्पिक भारत के ऐथलिट्स को विभिन्न प्रकार की दंत केअर/चिकित्सा सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराये जाने के निर्देश जारी किये गये है।
उपरोक्त के क्रम में डॉ. रीना कुमार रीजनल क्लिनिक सलाहकार ओरल हेल्थ स्पेशल औलम्पिक ऐशिया पेसिफीक द्वारा म.प्र. राज्य के समस्त दंत चिकित्सा महाविद्यालयों एवं दंत चिकित्सकों से स्पेशल ओलम्पिक भारत के ऐथलिट्स एवं बौद्धिक विकलांगता (Intellectual disability) व्यक्तियों को ओरल डेंटल केअर चिकित्सा सुविधा हेतु कार्यवाही का अनुरोध किया गया है।म.प्र.राज्य दंत परिषद की कार्यकारिणी समिति बैठक दिनांक 04 / 11 / 25 में चर्चा एवं लिये गये निर्णय अनुसार म.प्र राज्य के समस्त दंत चिकित्सा महाविद्यालयों एवं परिषद अंतर्गत पंजीकृत समस्त दंत चिकित्सकों को स्पेशल ओलम्पिक भारत के एथलिटस एवं बौद्धिक विकलांगता व्यक्तियों को तत्काल प्रभाव से ओरल डेंटल केअर चिकित्सा सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगें एवं दंत क्लिनिक पर इस आशय का सूचना बोर्ड निर्धारित प्रारूप में चस्पा करने कष्ट करें।
**''पैरा औलम्पिक ऐथलिट्स एवं बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों हेतु दन्त चिकित्सा सुविधा क्लिनिक पर निशुल्क उपलब्ध है।''**
उल्लेखनीय है की कृत कार्यवाही से यह अपेक्षित है की दंत चिकित्सा परिषद नई दिल्ली के निर्देश के अनुपालन में ओरल स्वास्थ्य समानता एवं सुविधा उपलब्ध कराये जाने वाला म.प्र. राज्य भारत में प्रथम राज्य होगा, अतः इस हेतु यथाशीघ्र कार्यवाही प्रारंभ की जाकर, की गई कार्यवाही से अवगत कराने का कष्ट करें।

(डॉ. चन्द्रेश कुमार शुक्ला)
अध्यक्ष
म..प्र. राज्य दंत परिषद् इन्दौर

इन्दौर दिनांक / 11 / 2025

प्रतिलिपिः–
1) मा. उपमुख्यमंत्री स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री म.प्र शासन की और सूचनार्थ
2) सचिव भारतीय दंत परिषद नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ।
3) डॉ. रीना कुमार अकादमिक डायरेक्टर IASD एवं रीजनल क्लिनिकल सलाहकार स्पेशल ओलम्पिक ऐशिया की ओर सूचनार्थ
4) प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. शासन की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5) रजिस्ट्रार म.प्र. राज्य दंत परिषद की और सूचनार्थ।

(डॉ. चन्द्रेश कुमार शुक्ला)
अध्यक्ष
म..प्र. राज्य दंत परिषद् इन्दौर